सार-समाचार

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जांच शिविर का हुआ आयोजन

गंगापुर सिटी (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के निमित चलाए जा रहे सेवा पखवाडा कार्यक्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वर्धमान हॉस्पिटल में लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर व विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने वार्ड नं 49 की मंजू कंवर का प्रथम रजिस्ट्रेशन कर अभियान का शुभारंभ किया। गुर्जर ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सभी जगह विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना, उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार सशक्त होगा, और परिवार सशक्त होगा तो समाज और राष्ट प्रगति करेगा। डॉ सुलेखा जैन ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लोगो को अच्छी सेवाएं देना है और उसी की और हम कार्य कर रहे है। हर महिला को शिक्षित होना चाहिए शिक्षित महिला ही सशक्त परिवार बना सकती है। इस अवसर पर बडी संख्या में बहनें और परिवारजन उपस्थित हुए और विभिन्न स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य से जुडी समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया गया और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर वर्धमान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनोज जैन, डॉ अरविंद, डॉ. मुकेश, युवा मोर्चा जिला संयोजक विकास सैनी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्तिथ रहे।

वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

करौली(निंसं.) । उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक द्वितीय रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली पीयूष कुमार शर्मा ने बताया कि वन विभाग के तत्वाधन में वन्यजीव सप्ताह 2025 का आयोजन 2-8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत वन्यजीव रेंज करणपुर के क्षेंत्रीय वन अधिकारी दशरथ सिंह के नेतृत्व में आज रेंज क्षेत्र में साफ सफाई एवं प्लास्टिक प्रतिबंध का कार्य कराया गया जिससे अभ्यारण्य क्षेत्र में रहने वाले जीव जन्तुओं को इनके प्रभाव से बचाया जा सके। वन्यजीव रेंज कैलादेवी के क्षेंत्रीय वन अधिकारी संजय कुमार मीणा के नेतृत्व में आज कैलादेवी मंदिर उच्च माध्यमिक विधालय कैलादेवी के छात्र, छात्राओं के साथ वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें वन एवं वन्यजीवों का महत्व समझाया गया, विधार्थियों के साथ निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगता का आयोजन किया गया। साथ ही अन्य रेन्जों में भी विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम करवाकर वन्यजीवों के महत्व को समझाया गया।

राज्य सूचना आयुक्त आज हिण्डौन सिटी में

करौली (निंसं.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि राज्य सूचना आयुक्त टीकाराम शर्मा 4 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे जयपुर से जिला करौली की तहसील हिण्डौन सिटी के ग्राम जटवाडा पधारेंगे व सायं 8:00 बजे हिण्डौन से जयपुर प्रस्थान करेंगे। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियां को आवश्यक तैयारियों हेतु निर्देशित किया है।

लॉयंस क्लब भरतपुर क्राउन की मेजबानी में जोन टू की एडवाइजरी आयोजित

भरतपुर (निस)। लॉयंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट के रीजन 8 (अनुराधा) के अंतर्गत जोन 2 की एडवाइजरी मीटिंग का आयोजन होटल बृज-इन में किया गया। जोन चेयरपर्सन लॉ. रेणुदीप गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित जोन एडवाइजरी में रीजन 8 के चेयरपर्सन लॉ. विनोद गर्ग मुख्य अतिथि तथा रीजन एडमिनिस्ट्रेटर लॉ. ओमप्रकाश गुप्ता। डिस्ट्रिक्ट सैक्रेटरी (रिटेंशन) लॉ. मोहनलाल माहेश्वरी एवं जोन वन के ज़ैड.सी. लॉ. पंकज बंसल विशिष्ट अतिथि थे। एडवाइजरी के विशिष्ट आतिथ्यों ने रीजन के सभी नौ क्लब्स को लॉयनिज्म के लक्ष्यों हेतु अग्रसर होने की शुभकामनाएं देते हुए भरतपुर में लॉयनिज्म के 57 वर्षों के प्रेरक प्रसंगों एवं संस्मरणों पर प्रकाश डाला एवं उत्तरोत्तर उन्नति की शुभकामनाएं दीं और भरतपुर में जोन टू के तीनों क्लब्स भरतपुर मेन, भरतपुर बृज एवं भरतपुर क्राउन के अधिकारी भरतपुर मेन के कोषाध्यक्ष लॉ. धवल व्यास ने लॉयंस क्लब बृज के सचिव लॉ. सुबोध आर्य के साथ होस्ट क्लब क्राउन के सचिव लॉ. पवन शर्मा ने अपने-अपने क्लब की तिमाही गतिविधि रिपोर्ट पेश करते हुए आगामी सेवा कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि लॉ. विनोद गर्ग ने तीनों जोन के सभी क्लब पदाधिकारियों का आह्वान किया कि प्रतिमाह के कार्यक्रमों की रिपोर्ट लॉयंस पोर्टल पर अपडेट करते हुए रीजन चेयर पर्सन को भी भेजें। जोन एडवाइजरी को तीनों क्लब्स के अध्यक्ष क्रमश: लॉ.भारत अग्रवाल, लॉ. ओमप्रकाश गुप्ता एवं लॉ. संजय शर्मा ने भी संबोधित किया साथ ही लॉयंस इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लॉ. ए.पी. सिंह के द्वारा संकल्पित मिशन 1.5 को दृष्टिगत रखते हुए 15 लाख क्वालिटी मेंबरशिप और मेंबरशिप रिटेंशन दोनों के संतुलन एवं विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में क्लब क्राउन के अध्यक्ष लॉ. संजय शर्मा को जन्मदिन की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं ! क्लब पी आर ओ लॉ. रिजवान खान ने अभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

लाखो रूपए के जेवर व नकदी चोरी

गंगापुर सिटी(निसं)। शहर के चित्रकूट नगर में बुधवार रात एक सूने मकान में चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चुरा ले गए। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मकान मालिक महेश कुमार मीना अपने परिवार सहित पैतृक गांव कुआगांव बिचपुरी (बामनवास) देवता धोकने गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान के मुख्य द्वार का ताला तोडा और घर में प्रवेश किया। चोरों ने मकान के भीतर पांच कमरों के ताले तोडकर अलमारियों और बक्सों को खंगाला। सुबह मोहल्ले के लोगों ने मकान का ताला टूटा देखा और महेश मीना को इसकी सूचना दी। घर लौटने पर उन्हें कमरों का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। प्रार्थी की रिपोर्ट के अनुसार, चोर लगभग 1800 ग्राम चांदी के आभूषण, जिनमें दो जोडी पायजेब (700 ग्राम), एक जोडी सार (200 ग्राम), एक अंगूठी, पांच चूडी (100 ग्राम), एक रामनवमी मॉडलीयां और अन्य सामान शामिल हैं को चुरा ले गए। इसके अतिरिक्त, करीब 5000 रुपए नकद भी चोरी हुए हैं। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

करौली (निंसं.)। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने बताया कि जिले में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 4 से 10 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा। जिसमें सेवाओं तक आसान पहुँच, आपदाओं और आपात स्थितियों मे मानसिक स्वास्थ्य की थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई द्वारा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता परक गतिविधिया एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के प्रयासों को साझा किया जाएगा।

आवेदन की तिथि बढाई

करौली (निंसं.) । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र- 23132, राजकीय महाविद्यालय, करौली के समन्वयक प्रो. रविन्द्र कुमार मीना ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के विभिन्न कोर्स, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उन्होने बताया कि प्रवेश आवेदन इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिशन पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ही किया जा सकता है। जुलाई सेशन के फ्रेश एडमिशन की अंतिम तिथि बढाकर अब 15 अक्टूबर कर दी गई है।अत: विद्यार्थी अंतिम तिथि तक इंतजार न करते हुए शीघ्र ही ई मित्र अथवा अन्य किसी माध्यम से जुलाई सत्र में प्रवेश लेकर लाभान्वित हों।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा दशहरा मैदान में रावण दहन कार्यक्रम में हुए शामिल

सवाई माधोपुर(निसं)। विजयादशमी के पावन पर्व पर सवाई माधोपुर दशहरा मैदान में जिला प्रशासन एवं नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रावण दहन महोत्सव का आयोजन हुआ । मुख्य अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया की उपस्थिति में जैसे ही घड़ी ने 7 बजकर 37 मिनट का समय दर्शाया, अग्निबाण छोड़ा गया और क्षणभर में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के 40 फिट ऊंचे पुतले धधकते हुए जलने लगे।

पहले मेघनाथ झुका, फिर कुंभकरण का विशाल शरीर धरती पर गिरा और अंत में रावण की आँखों से जैसे चिंगारियाँ निकलती हुई दिखाई दीं। उसका मुकुट और सिर लपटों में झुलसकर नीचे गिरते ही मैदान जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूँज उठा। हजारों दर्शकों ने जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रावण दहन का अद्भुत दृश्य देखा और उत्साह से सराबोर हो उठे। अपने संबोधन में कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने कहा कि विजयादशमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

सीरप देने के बाद बिगड़ी बच्चों की तबीयत, सीएचओ ने भी कराया अवगत

- **दो वर्षीय बालक सम्राट की मौत को लेकर परिजन बोले.. अपनी मर्जी से यह सिरप नहीं ली बल्कि गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत सीएचओ के परामर्श से ली**
- **जेके लोन जयपुर रैफर कर दिया वहां 22 सितंबर को उसकी मौत हो गई, जब मीडिया पर सीरप को लेकर खबर सामने आई तो उन्हें पता चला यही सिरप थी जिसके चलते उनके बेटे की जान गई है**

भरतपुर (निस)। खांसी सिरप से भरतपुर के मलाह गांव निवासी दो वर्षीय बालक सम्राट की मौत को लेकर के उनकी माता ज्योति का कहना है कि उनके द्वारा अपनी मर्जी से यह सिरप नहीं ली गई बल्कि गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत सीएचओ वैशाली के द्वारा 18 सितंबर तीन बच्चों की तीन खासी की सीरप दी थी। सीएचओ के परामर्श के बाद ही उन्हें खांसी सिरप दी गई थी। उसके बाद ही तीनों बच्चों की तबीयत बिगड़ी दो बच्चे विराट और साक्षी को उल्टी हो जाने के कारण जान बच गई बल्कि सम्राट को होश नहीं आया उसके बाद वह जानना ले गए और वहां से उसे जेके लोन जयपुर रैफर कर दिया वहां 22 सितंबर को उसकी मौत हो गई। उसके बाद जब मीडिया पर सीरप को लेकर खबर सामने आई तो उन्हें पता चला यही सिरप थी जिसके चलते उनके बेटे की जान गई है। अब भले ही सरकार या मेडिकल विभाग कुछ भी कहे लेकिन यह सत्य है कि उप स्वास्थ्य केंद्र से यही सिरप दी गई थी और इसी से बच्चे की मौत हुई है उनके द्वारा परामर्श के बाद ही यह सिरप बच्चों को पिलाई गई थी। मृतक सम्राट की पड़ोसी शशि ने बताया कि सम्राट की मां ज्योति अपने तीनों बच्चों को मेरे साथ दिखाने के लिए गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर के गई।बच्चों को खांसी जुखाम की शिकायत थी उसके बाद वहां कार्यरत सीएचओ वैशाली ने तीन सीरप और 6 टेबलेट दी थी उसके बाद उन्होंने बच्चों को पिलाई तीनों की तबीयत खराब हुई जिनमें से एक की मौत हो गई.भले ही मेडिकल विभाग और अन्य कोई भी कहे कि इस सीरप से बच्चे की मौत नहीं हुई लेकिन हकीकत यही है कि इसी दवा से मौत हुई है.हमारा तो बच्चा गया कम से कम लोगों को झूठ नहीं बोलना चाहिए.. सेवर सीएचसी एमओआईसी प्रभारी डॉ अमित कुमार ने बताया कि मलाह गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत सीएचओ वैशाली ने 21 सितंबर को लिखित में अवगत कराया कि गांव के तीन बच्चे सम्राट,विराट, साक्षी खांसी जुखाम की शिकायत पर दिखाने आए थे.उनके द्वारा खांसी की सिरप दी गई बच्चों के परिजनों ने बताया कि उल्टी,बेहोशी और चक्कर की शिकायत हुई है.तीनों बच्चों को जनाना अस्पताल लेकर गए जिनमें से दो बच्चे ठीक हो गए और एक बच्चे की हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर किया गया.23 सितंबर को उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और उसके बाद सीरप के वितरण पर रोक लगा दी।

ग्राम पंचायत स्तरीय अटल जन सेवा शिविर एवं जनसुनवाई सम्पन्न

करौली (निंसं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति श्रीमहावीरजी कि ग्राम पंचायत नंगला मीना के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने नंगला मीना में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया व पात्र लाभार्थियों को सरसों मिनी किट व विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रमाण प्रदान किये। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके।जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ।

अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, सडक बनवाने, वैटनरी हॉस्पीटल में स्टाफ लगवाने, पीएम किसान निधि के तहत किश्त दिलवाने सहित विभिन्न विभागों के कुल 10 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें राजस्व, पंचायती राज, सानिवि, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों सहित अन्य विभागों के विभिन्न प्रकरण शामिल हैं। इस अवसर पर विकास अधिकारी ज्ञान सिंह सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत दिवस पर किया सफाई सैनिको का सम्मान

गंगापुर सिटा(निसं)। गुरुवार को स्वच्छ भारत दिवस और स्वच्छता ही सेवा अभियान 2०25 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में एक घंटे का स्वच्छता श्रमदान किया गया। इसके बाद नगर परिषद प्रांगण में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल और उप जिला कलेक्टर बृजेंद्र मीणा ने गांधीजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद, परिषद अधिकारी-कर्मचारी और आमजन उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई सैनिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। श्रमदान में परिषद कार्मिक मनमोहन दुबे, अशोक, अमर नकवाल, अमन, जुगल किशोर, भूरसिंह मीणा, इकराम खान, राजेंद्र जमादार सहित पार्षदगण और नागरिकों ने भाग लिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल ..

भरतपुर (निस)। बयाना स्टेट हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पति की मौत हो गई तथा पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है. हालांकि परिजन का कहना है कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जबकि पुलिस का कहना है कि पेड़ से टकराकर यह हादसा हुआ। मृतक के परिजन कर्ण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को गांव तोता का नगला निवासी मुकेश अपनी पत्नी मीना के साथ भरतपुर में लग रही नुमाइश देखने बाइक पर आ रहा था.बयाना भरतपुर स्टेट हाइवे पर पनाह गांव के पास दोपहर को अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी.जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.जिला आरबीएम अस्पताल में चिकित्सकों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया जबकि पत्नी मीना का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। उच्चौन पुलिस थाने पर कार्यरत हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बाइक समाज पति-पत्नी पेड़ से टकराकर घायल हो गए हैं।

सेवर कस्बे में शस्त्र पूजन कर धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी पर्व

- **उन्होंने कहा कि भगवान राम, कृष्ण और मां दुर्गा ने भी धर्म और सज्जन समाज की रक्षा के लिए शस्त्र धारण किए थे और अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया था, सनातन धर्म का मार्ग हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम 'अतिथि देवो भव' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सिद्धांतों पर चलता रहा है**

भरतपुर (निस)। भरतपुर के कस्बा सेवर में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में विजयादशमी पर्व पर को कस्बे के श्री गंगा महारानी मंदिर प्रांगण में जिला ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसिंह सिनसिनवार गजेन्द्र पांचाल के नेतृत्व में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में शस्त्र पूजन कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शस्त्र पूजन से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं मां भगवती दुर्गा का आह्वान किया गया। इसके बाद अस्त्र-शस्त्रों का पूजन कर धर्म, राष्ट्र, संस्कृति और समाज रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह जिला संयोजक केशव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "हिंदू समाज सहिष्णु और दयालु है, लेकिन जब धर्मरक्षा, राष्ट्र रक्षा, गौ रक्षा, संस्कृति संरक्षण और नारी सम्मान की बात आती है तो शस्त्र उठाने से भी कभी पीछे नहीं हटता।" उन्होंने कहा कि भगवान राम, कृष्ण और मां दुर्गा ने भी धर्म और सज्जन समाज की रक्षा के लिए शस्त्र धारण किए थे और अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया था। सनातन धर्म का मार्ग हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम 'अतिथि देवो भव' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सिद्धांतों पर चलता रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष विष्णु सैनी मौजूद रहे। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम सैंथरा और जिला मंत्री विनोद मड़रपुर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को हिंदुत्व की रक्षा और संगठन के माध्यम से समाज सेवा का संकल्प दिलाया। मंच संचालन प्रखण्ड मंत्री तारा चंद आज़ाद ने किया। कार्यक्रम में विहिप जिला अध्यक्ष विष्णु सैनी, जिला मंत्री विनोद मडरपुर, जिला संयोजक शुभम सैंथरा, प्रखण्ड मंत्री तारा चंद आज़ाद, प्रखण्ड सह संयोजक भूपेन्द्र राना, प्रखण्ड सुरक्षा प्रमुख महेश सोगरवाल, महेश सैनी, नमन राना, गौतम सुगरवाल, विकास ठाकुर, मानव कोली, दीपक बघेल, पहलाद बघेल, रजनीकांत पांचाल, राजकुमार ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान "जय श्रीराम", "वंदे मातरम और "भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंजता रहा। विजयादशमी पर्व पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम ने सभी उपस्थित जनों को धर्म रक्षा और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

अधिवेशन की तैयारियां जोरों पर

करौली (निंसं.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक जयपुर स्थित केशव विद्यापीठ, जामडोली में आयोजित होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के 29 राज्यों से लगभग 3200 शिक्षक प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह अधिवेशन 'शिक्षक राष्ट्र के लिए' विषय पर केंद्रित रहेगा, जिसमें शिक्षा की दिशा-दशा, राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर विस्तृत विमर्श किया जाएगा।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि अधिवेशन के प्रथम सत्र का शुभारम्भ प्रात: 11 बजे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे तथा इस अवसर पर राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति और देश के प्रमुख शिक्षाविद भी उपस्थित रहेंगे।अधिवेशन के दूसरे दिन 6 अक्टूबर को सायंकाल तीन शिक्षकों को अखिल भारतीय 'शिक्षा भूषण शिक्षक सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा जिसमें सम्मानित होने वाले शिक्षकों को 1 लाख की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और चाँदी की प्लेट प्रदान की जाएगी। सम्मान कार्यक्रम आचार्य महामण्डलेश्वर जूना पीठाधीश्वर पूज्यपाद स्वामी अवधेशानन्द जी महाराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सहसरकार्यवाह श्री सुरेश सोनी के सानिध्य में आयोजित होगा। इस वर्ष का अखिल भारतीय शिक्षा भूषण शिक्षक सम्मान प्रो भगवती प्रकाश शर्मा राजस्थान, प्रो सुषमा यादव दिल्ली तथा श्री वी जे श्रीकुमार केरल को दिया जाएगा। कार्यक्रम के महाप्रबंधन प्रमुख दीपक शर्मा व राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पुष्करणा ने बताया कि अधिवेशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाँच वर्ष पूर्ण होने पर समीक्षा एवं भविष्यपथ, सीमा से समाज तक राष्ट्रीय सुरक्षा तथा शिक्षकों की समस्याओं को लेकर तीन प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार, एनसीईआरटी के निदेशक प्रोफेसर दिनेश सकलानी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य हनुमान सिंह राठौड़ सहित विभिन्न विचारकों, शिक्षाविदों का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन भी रहेगा।राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री बसंत जिंदल ने बताया कि कार्यक्रम में महासंघ की अब तक की यात्रा और राज्यों की गतिविधियों को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी दिनांक 4 अक्टूबर को सायं 7:00 बजे लगाई जाएगी।

इसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और नगर निगम (हेरिटेज) जयपुर की महापौर कुसुम यादव करेंगी। प्रदर्शनी में महासंघ की गतिविधियों, शैक्षिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय भूमिका का दस्तावेजीकरण प्रस्तुत किया जाएगा । कार्यक्रम मे 40000 वर्गफुट का प्रमुख पांडाल और इसके साथ प्रदर्शनी के लिए 8000 वर्गफुट पांडाल एवं अधिवेशन में आने वाले 3500 संभागी तथा 400 कार्यकर्ताओं के लिए 16 आवासों तथा भोजन के लिए दो बड़े पांडालों की व्यवस्था की गई है । इसके अलावा जयपुर की प्रमुख वस्तुएं तथा साहित्य भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगा ऐसे 20 स्टॉल भी वहां लगाई जाएगी।

नारौली कस्बे में 4 दिवसीय कीर्तन व पद दंगल की शुरूआत

करौली (निंसं.) सपोटरा की ग्राम पंचायत नारौली डांग के कोठी वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आज शनिवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय हरी कीर्तन व पद दंगल की तैयारियों का कमेटी के सदस्यों ने जायजा लिया। उन्होने बताया कि आम बस्ती की ओर से कोठी वाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में आज शनिवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय दंगल के सफल आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें पांडाल, टेंट, लाइट डेकोरेशन, भोजन व्यवस्था, साउंड आदि को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। दंगल कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आम बस्ती की ओर से कोठी वाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में 4 व 5 अक्टूबर को दो दिवसीय हरिकीर्तन दंगल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रामनिवास व नरेश एण्ड पार्टी जीरोता, रामलाल भोले सैनी एण्ड पार्टी औड़च, कमल व रमेश एण्ड पार्टी खानपुर, रामदयाल व श्यामलाल एण्ड पार्टी जोड़ली, लालजीराम व देवफूल एण्ड पार्टी पहाड़पुरा की हरिकीर्तन पार्टियां भाग लेंगी।

सार-समाचार

रामलीला में राम बनो प्रतियोगिता में बच्चो ने जीती इनाम

गंगापुर सिटी (निसं)। नगर परिषद द्वारा आयोजित रामलीला में बडी संख्या में राम रावण युद्ध का जमकर आनन्द लिया। पुरानी अनाज मंडी में चल रही इस रामलीला में रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव चित्रण किया जा रहा है। हाल ही में कुंभकरण और मेघनाथ के वध का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने उत्साहपूर्वक देखा। मंच पर लक्ष्मण की मूर्छा टूटने का समाचार मिलने पर रावण क्रोधित हो उठा और उसने अपने भाई कुंभकरण को युद्ध के लिए जगाया। छह महीने की गहरी नींद से जगाने के बाद, रावण ने कुंभकरण को राम से युद्ध करने को कहा। दोनों के बीच मार्मिक संवाद हुए, जिसके बाद कुल की शान रखने के लिए कुंभकरण युद्ध में गया और भगवान राम के हाथों उसका वध हो गया। कुंभकरण के वध के बाद रावण ने मेघनाथ को युद्ध में भेजा। युद्ध से पहले, मेघनाथ अपनी कुल देवी की पूजा करने गया। भगवान राम को यह सूचना मिलने पर उन्होंने लक्ष्मण और हनुमान जी को वहां भेजा, जिन्होंने मेघनाथ के हवन को सफल नहीं होने दिया। इससे क्रोधित मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें मेघनाथ भी मारा गया। इसके बाद, अहिरावण को भेजा गया, जिसने राम-लक्ष्मण को मूर्छित कर पाताल लोक में ले जाकर चंडी को बलि चढाने की तैयारी की। तभी हनुमान जी वहां पहुंचे और अहिरावण का वध कर राम-लक्ष्मण को उसकी कैद से मुक्त कराया। इसके साथ ही रामलीला के इस प्रसंग को विराम दिया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा राम बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दो दर्जन से अधिक बच्चों ने राम का रूप धारण किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सभापति शिवरतन अग्रवाल, आयुक्त विजेंद्र मीणा, शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, डॉ. मनोज जैन सहित पार्षद बलवीर सोनी, जगदीश खटाना, लक्ष्मण सैनी, सोनू महावर, गोविंद पाराशर, विकास सैनी, सुरेंद्र मित्तल और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत आयोजित होंगी जागरूकता गतिविधियां'

करौली (निंसं.) जिले में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 4 से 10 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा जिसमें सेवाओं तक पहुंच आपदाओं और आपात स्थितियों मे मानसिक स्वास्थ्य थीम पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई द्वारा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता परक गतिविधियों का आयोजन में मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के प्रयासों को साझा किया जाएगा । जिसके अंतर्गत 4 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी,राज.आईटीआई, महाविद्यालय, करौली में,6 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी स्व.सै. चिरंजीलाल सी. सै. विद्यालय, करौली,7 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी राज.पी.जी. महाविद्यालय करौली,8 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी राज. महाविद्यालय, हिण्डौन सिटी एव